

प्रगति नगर मरीन ड्राइव का आयुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

**खबर संक्षेप**

### रोगी के उपचार हेतु 3.95 लाख की राशि की स्वीकृत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनहितैषी नेतृत्व में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जशपुर जिले के गंभीर किडनी रोगी जितेन्द्र कुमार यादव उम्र 44 वर्ष को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके उपचार के लिए 3 लाख 95 हजार 121 रु. की सहायता राशि स्वीकृत की है। मिली जानकारी के अनुसार, जशपुर निवासी जितेन्द्र कुमार यादव गंभीर किडनी रोग से पीड़ित हैं तथा उन्हें रेनल ट्रांसप्लांट (किडनी प्रत्यारोपण) की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उपचार में कठिनाई आ रही थी। मरीज के परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास स्थित सीएम कैंप कार्यालय, बगिया पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उपचार हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी।

### नपं अध्यक्ष ने सीएम को सौंपी कार्यों की सूची

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुनकुरी आगमन पर कुनकुरी नगर पंचायत के अध्यक्ष विनयशील ने उनके समक्ष नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्यों की सूची सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति एवं राशि प्रदान करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष विनयशील ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 1 दिसंबर 2025 को उन्होंने जिला अधिकारी के माध्यम से 34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की विस्तृत सूची पहले ही भेज दी थी। उन्होंने पुनः मुख्यमंत्री को यह सूची सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। इसके साथ कुनकुरी के ड्रेनेज़ के लिए 7.50 करोड़ रुपये के नाली निर्माण और 3.89 करोड़ रुपये के वार्डवार विकास कार्य की सूची उन्हें मिलकर दिया। अध्यक्ष विनयशील ने कहा कि इन कार्यों से कुनकुरी नगर की सड़क, नाली, जल निकासी तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से लिया और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### शराबी चालकों पर लगाया गया 20 हजार रूपए का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से दो शराबी चालकों पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 8552 के वाहन चालक लखनपुर लहपटरा निवासी 36 वर्षीय रामकिशोर आ. राम शरण को रोककर जांच की गई तो चालक नशे में धुत पाया गया। वहीं बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 6910 लखनपुर चैनपुर निवासी 45 वर्षीय लल्लू राम आ. जमंगल राम भी नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर जांच में भी शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई जिसके बाद दोनों बाइक चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों प्रकरणों में 10-10 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।

### पानी टैंकर की चपेट में आने से बालक की मौत

**रामानुजगंज।** नगर पालिका के पानी टैंकर की चपेट में आने से वार्ड क्रमांक 6 निवासी बालक की की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे नगर में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। नाराज परिजन एवं स्थानीय लोगों ने रंगीला चौक स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया तथा मृतक के परिजनों को शासकीय नौकरी एवं उचित मुआवजा देने की मांग की। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 6 निवासी शुभम आ. सागर (7 वर्ष) शनिवार दोपहर लगभग 1.30 बजे स्कूल से घर लौटने के बाद मोहल्ले में खेल रहा था।

## मना योग दिवस: अंचल में जगह-जगह लोगों ने किया योगाभ्यास

# सामूहिक योगाभ्यास से होगा स्वस्थ समाज व राष्ट्र का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम नारायणपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का परिसर रविवार को योगमय वातावरण से सराबोर हो उठा।

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल कुनकुरी द्वारा ₹12 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण₹ अभियान के तहत आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का अनुशासित एवं संस्कारयुक्त वातावरण रहा, जहां योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक योग सत्र में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करते हुए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस कार्यक्रम में पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष शल अनूपनारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य मलिता बाई, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोषी बंदे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, महामंत्री शंकर यादव, मंडल उपाध्यक्ष संतराम राम, जनपद पंचायत सदस्य भारती भगत, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह, महामंत्री अरुण मोहंती, प्रमोद यादव, अशोक सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेन्द्र राम, टिकेश्वर यादव, गोपाल यादव, मुकेश प्रजापति, मनोज यादव, रानिकॉम्बो सरपंच चक्कन भगत, सतकुमार यादव, बनकोम्बो सरपंच सरिता अंगिरा, चंद्रकिरण नाग, अभिषेक पुरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोतबा में छात्रों ने लिया नियमित योग का संकल्प



कोतबा। स्वस्थ आयु के लिए योग' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए रविवार को उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कोतबा-जशपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों, कर्मचारियों और भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों ने वृक्षासन, भुजंगासन और प्राणायाम सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कर निरोगी जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टाफ को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता अरबिन्द कुमार साय ने योग के महत्व पर योग जीवन की संजीवनी है स्वास्थ्य आयु के लिए निरंतर योगाभ्यास आवश्यक बताते हुए सारगर्भित प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग महज एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने का विज्ञान है।

वर्तमान की भागदौड़ भरी दिनचर्या और शैक्षणिक तनाव के बीच विद्यार्थियों के लिए योग किसी संजीवनी से कम नहीं है। नियमित योग करने से न केवल मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि स्मरण शक्ति भी मजबूत होती है, जो छात्रों को उनके करियर में सफलता के शिखर तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन कम से कम 20 से 30 मिनट योग करने का संकल्प लिया।

## दिनचर्या में योग अपनाएं और सशक्त राष्ट्र निर्माण में दें योगदान



जिले के कुनकुरी विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डीपा टोली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, स्कूली बच्चे, पालक, संस्था के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान किया। प्रधान पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ एवं प्रसन्न रखने हेतु प्रतिदिन सुबह एक घंटे का समय योग, प्राणायाम एवं ध्यान हेतु निर्धारित करें और अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, अंत में उन्होंने उपस्थित बच्चों ,पालकों एवं ग्रामीणों से निवेदन करते हुए कहा स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं, प्रत्येक शनिवार विद्यालय में योग एवं प्राणायाम के विशेष सत्र में आप सभी अधिक से अधिक संख्या में अवश्य शामिल होकर लाभ लें तथा अन्य ग्रामीणों को भी अवगत कराएं।

## कुनकुरी कॉलेज में दिया गया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश



जिले के कुनकुरी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुनकुरी, में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रातःकाल आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। योग सत्र का संचालन डॉ. शंभू एवं डॉ. वी.के. पैंकरा द्वारा किया गया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को सामान्य स्ट्रेचिंग, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, हलासन, नौकासन, ओम् मेडिटेशन तथा शवासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में मना योग दिवस



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जॉनसन लकड़ा, प्राध्यापक डॉ. दयासागर, डॉ. कृष्णा गुप्ता, डॉ. नीरज जायसवाल, रवि कुमार, डॉ. नूपुर जायसवाल, कु. प्रतीक्षा भगत, डॉ. शशिकला लकड़ा एवं छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक मे डॉ. दयासागर के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर नियमित योग के महत्व ,स्वस्थ जीवन एवं थीम " स्वस्थ आयु के लिए योग" पर प्रकाश डाला गया। योग को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।कार्यक्रम का समापन सभी को नियमित रूप से योग अपनाने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## जशपुर में सादरी साहित्य भवन की मांग



जिले की संपर्क बोली सादरी के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के साहित्यकारों, शोधकर्ताओं एवं भाषा प्रेमियों ने संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर जशपुर में सादरी साहित्य भवन की स्थापना की मांग की है। ज्ञापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक मुकेश कुमार, शोधकर्ता जयेश सौरभ टोपनो, शिक्षाविद् डी.डी. स्वर्णकार सहित जिले के अनेक साहित्यकार, लेखक एवं भाषा प्रेमी शामिल रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह ने भी संस्कृति मंत्री को जशपुर अंचल की भाषाई एवं साहित्यिक विशेषताओं से अवगत कराते हुए सादरी साहित्य भवन की मांग का समर्थन किया।

## एक माह के बच्चे की चोरी के मामले में महिला गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पंडरा पाठ क्षेत्र से एक माह के बच्चे को लेकर इलाज कराने आए दंपती से बच्चा चोरी कर भागने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- बच्चे को किया सकुशल परिजनों के सुपुर्द

पुलिस के अनुसार बच्चे की मां का स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों ने इलाज हेतु शासकीय अस्पताल जशपुर में भर्ती कराया था। इसी दौरान आरोपी तारा बाई ने बच्चे के परिजनों को झांसे में लेकर उनका विश्वास जीत लिया। फिर परिजनों को खाना खिलाने हॉस्पिटल से एक होटल में लेकर गई और बच्चा लेकर फरार हो गई। मामले में पुलिस ने सिटी कोतवाली में अज्ञात महिला के विरुद्ध बी एन एस की धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डी आई जी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बच्चे व आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस की विशेष टीम गठित की थी। पुलिस की टीम को जांच के दौरान,



अस्पताल के सीसीटीव्ही फुटेज से संदिग्ध आरोपी की फोटो मिली थी। पुलिस की जांच व टेक्निकल टीम की मदद से पुलिस आरोपी महिला तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी महिला तारा बाई उम्र 35 वर्ष को उसके ग्राम दातुनपानी, चौकी पंडरा पाठ, थाना सिटी बगीचा क्षेत्र से लिया हिरासत में व उसके कब्जे से 1 माह के बच्चे को भी किया सकुशल बरामद कर लिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 140(3) जोड़ते हुए उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बच्चे को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी तीन शादी हुई है। पहली शादी से उसके बच्चे हैं। पहले पति से अलग होने के पश्चात उसने दो और शादी की थी। दोनों ही शादी से उसे बच्चे नहीं हो रहे थे। कुछ दिनों पूर्व वह चार महीने की गर्भवती थी, परंतु बच्चा खराब हो जाने से उसका गर्भपात हो गया था, जिससे वह अत्यंत व्यथित रहती थी। जिस कारण आरोपी बच्चा चोरी करने की आस से जशपुर आई हुई थी। महिला शासकीय अस्पताल के आस पास घूमती रहती थी। इसी दौरान उसे शासकीय अस्पताल में इलाज हेतु पंडरा पाठ क्षेत्र से आए एक दंपती दिखे, जिनके पास करीबन 1 माह का बच्चा था। आरोपी महिला ने उनसे जान पहचान बढ़ाई। इस दौरान बच्चे के परिजनों से महिला को पता चला कि बच्चे को छान्दा नामक बीमारी है, जिससे आरोपिया ने बच्चे की बीमारी का खुद झाड़ फूंक कर ईलाज करने का झांसा देते हुए उनका विश्वास जीत लिया। फिर एक दिन आरोपिया ने बच्चे की मां व दादी को खाना खिलाने के बहाने जशपुर के बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल में लेकर गई। परिजन जब खाना खा रहे थे, इसी दौरान आरोपिया बच्चे को गोदी में लेकर बस से फरार हो गई थी।

## सड़क और मंदिर परिसर पर कब्जे का आरोप

**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा तहसील अंतर्गत ग्राम बाम्हनमारा में शासकीय भूमि , सार्वजनिक सड़क एवं हनुमान मंदिर परिसर पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है । ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया गया कि, गांव का निवासी रामलगन साय एवं सुकदेव साय द्वारा जेसीबी मशीन से खुदाई कर शासकीय भूमि को निजी बाउंड्रीवाल में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

- तहसीलदार ने निर्माण कार्य पर लगाई रोक

ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार, खसरा नंबर 290 की शासकीय सड़क भूमि तथा खसरा नंबर - 309 स्थित हनुमान मंदिर परिसर की भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि निर्माण के दौरान सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण किया गया और शासकीय नल- जल योजना की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने मामले को गांव की आस्था, सार्वजनिक सुविधा और शासकीय संपत्ति से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। आवेदन के साथ मंदिर सीमांकन पंचनामा,



नक्शा-खसरा एवं पूर्व में दिए गए ज्ञापनों की प्रतियां भी संलग्न की गई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार तपकरा ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अंतरिम आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पटवारी की मौका जांच रिपोर्ट एवं संबंधित पक्ष का जवाब प्राप्त होने तक रामलगन साय एवं सुकदेव साय द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। तहसीलदार ने थाना प्रभारी तपकरा को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने, हल्का पटवारी को मौका जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# कॉलेजों में नहीं बनी जनभागीदारी समिति, गठन नहीं होने से छात्र-छात्राएं सुविधाओं से वंचित

**जशपुरनगर।** जिले के अनेक सभी शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन लंबे समय से नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को विभिन्न आवश्यक सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनभागीदारी समिति का गठन किया जाता है, लेकिन जिले के महाविद्यालयों में यह समिति अस्तित्व में नहीं है। जबकि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष छात्र छात्राओ से राशि वसूल की जा रही हैं। पिछले सरकार में अनेक महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया था। तथा समिति द्वारा अनेक छात्रोपयोगी कार्य किए थे। जिले में बहुत से ऐसे महाविद्यालय भी है जहां स्थापना के बाद से एक बार भी जनभागीदारी समिति का गठन नहीं हुआ है। जानकारों के अनुसार जनभागीदारी समिति महाविद्यालयों में विकास कार्यों, भवन मरम्मत, फर्नीचर क्रय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, पुस्तकालय विस्तार, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य छात्र हितैषी गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति के गठन नहीं होने से अनेक आवश्यक कार्य लंबित पड़े हुए हैं और विकास कार्यों की गति पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

### क्या कहते है विद्यार्थी

छात्र-छात्राओं का कहना है कि कई महाविद्यालयों में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं है, शौचालयों की स्थिति खराब है, पुस्तकालयों में नवीन पुस्तकों का अभाव है तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए संसाधनों की कमी बनी हुई है। जनभागीदारी समिति सक्रिय होती तो इन समस्याओं के समाधान के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाए जा सकते था।

### वित्तीय सहयोग का माध्यम नहीं

शिक्षाविदों का मानना है कि जनभागीदारी समिति केवल वित्तीय सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि यह महाविद्यालय और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती है। इसके माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता महाविद्यालय के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। समिति के अभाव में महाविद्यालयों की कई योजनाएं कागजों तक सीमित रह जाती हैं। कई महाविद्यालयों में प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, परिसर सौंदर्यीकरण तथा छात्र कल्याण संबंधी योजनाओं के लिए प्रस्ताव तैयार होने के बावजूद समिति के अभाव में उन्हें स्वीकृति और वित्तीय सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### उच्च शिक्षा व्यवस्था की उपेक्षा

पूर्व छात्रो और छात्र प्रतिनिधियों ने भी इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि जनभागीदारी समिति का समय पर गठन नहीं होना उच्च शिक्षा व्यवस्था की उपेक्षा को दर्शाता है। उनका कहना है कि यदि समिति सक्रिय रहे तो स्थानीय स्तर पर अनेक समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जा सकता है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि सभी शासकीय महाविद्यालयों में शीघ्र जनभागीदारी समितियों का गठन किया जाए तथा उन्हें आवश्यक अधिकार और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

## हाईवोल्टेज तार की चपेट में आकर तीन भालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आंधी बारिश के कारण टूटकर गिरे हाई टेंशन तार की चपेट में आकर तीन भालुओं की मौत हो गई। भालू भोजन की तलाश में निकले थे। इस दौरान वे जंगल में टूटकर गिरे तार की चपेट में आ गए। सुबह एक-एक नर मादा भालु और एक शावक का शव बरामद किया गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा शवों का पीएम उपरान्त अंतिम संस्कार कराया। इधर एक साथ तीन भालुओं की मौत के बाद विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में रोष का माहौल है।

क्षेत्र के केवरा जंगल के रस्ते 11 केवी विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है। शनिवार को तड़के 5 बजे क्षेत्र में तेज रफ्तार से आंधी चली। इस दौरान वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत केवरा जंगल के कक्ष क्रमांक पी-17 के ऊपर गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन टूटकर नीचे गिर गई। इस दौरान नीचे भ्रमण कर रहे तीन भालू हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आ गए जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत तार काफी समय से टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने विद्युत आपूर्ति बंद कराने के बाद भालुओं के शव को बरामद किया।

## खबर संक्षेप



### जनकल्याण पंजीयन शिविर में हुआ कृषक सम्मेलन

**शंकरगढ़।** विकासखंड मुख्यालय में आयोजित विश्वास के विकास के जनकल्याण के तीन दिवसीय पंजीयन शिविर में कृषि विकास योजना के तहत विशाल कृषक सम्मेलन एवं जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 500 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए धान बीज का वितरण किया गया। साथ ही विकासखंड के पहरी क्लस्टर के लगभग 200 किसानों ने जैविक खेती कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों, रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त किसानों को उर्द, अरहर एवं मूंग की मिनी किटों का भी वितरण किया गया, जिसमें विभिन्न ग्रामों के लगभग 100 किसान लाभान्वित हुए। अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती अपनाकर उत्पादन लागत कम करने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने तथा बेहतर आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। इस दौरान प्रियंवदा सिंहदेव, गीता पैकरा, विवेक जायसवाल, अमीन साय, तिलसाय, प्रभु राम,सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड टेस्ट यंत्र की मरम्मत की मांग, सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले लगभग दो वर्षों से खराब पड़े फुली ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड टेस्ट यंत्र को लेकर पूर्व पार्षद सुनील गुप्ता ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। साथ ही खराब यंत्र की मरम्मत या नया यंत्र उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि लगभग 30 लाख रुपये की लागत वाला यह आधुनिक जांच यंत्र ब्लड टेस्ट, सीरम टेस्ट और यूरिन टेस्ट सहित कई महत्वपूर्ण जांच के लिए उपयोग किया जाता था। मशीन खराब होने के कारण मरीजों को आवश्यक जांच सुविधाएं स्थानीय स्तर पर नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें निजी लैब और अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुनील गुप्ता ने कहा कि राजपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को जांच कराने के लिए अंबिकापुर तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों पर इसका अधिक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि खराब मशीन की तत्काल मरम्मत कर उसे चालू कराया जाए। यदि मशीन सुधार योग्य नहीं है तो उसके स्थान पर नई मशीन स्थापित की जाए, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया पौधरोपण

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गेउर स्थित हरीतिमा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान अंकुश सिंह खैरवार, विनय भगत, धर्म सिंह, रवि प्रताप मरावी, जगवंशी यादव, उदय यादव, मनोज बंसल, सतीश सिंह एवं संतोष पाण्डेय उपस्थित रहे। वहीं महामाया मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान राजेश यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा, डिप्टी रेंजर सुशील सिंह, अमृत प्रताप सिंह, मालती माझी, वन विभाग के कर्मचारी तथा भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कभी भी गुल हो जाती है बिजली

# अघोषित विद्युत कटौती बनी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जन जीवन प्रभावित, अव्यवस्था से लोगों में भारी नाराजगी

इन दिनों शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। एक तरफ विद्युत अधिकारी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में कोई भी बाधा नहीं होने का दावा कर रहे हैं दूसरी तरफ विभिन्न वार्डों में घंटों आपूर्ति ठप रही है। आए दिन घंटों विद्युत आपूर्ति ठप रहना अब आम बात हो गई है।

अघोषित विद्युत कटौती शहरवासियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्री-मानसून की आंधी-बारिश शुरू होने के बाद अघोषित विद्युत कटौती आम समस्या बन गई है। कब किस वार्ड का विद्युत आपूर्ति ठप हो जाए कोई ठिकाना नहीं है। लोगों द्वारा विद्युत कटौती की शिकायत करने पर कार्यपालन अभियंता विद्युत लाइन में कहीं भी कोई फाल्ट नहीं आने एवं सभी क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू होने का दावा करते हैं। एक तरफ वरिष्ठ अधिकारियों का आपूर्ति सुचारू रहने का दावा दूसरी तरफ भारी गर्मी एवं उमस के बीच घंटों से पसीना से तर बतर लोगों के आक्रोशका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

आंधी-बारिश के दौरान पूर्व में भी विद्युत आपूर्ति बाधित होती थी लेकिन अधिकारी समन्वय स्थापित कर तत्काल दूसरे फीडर से जोड़कर प्रभावित क्षेत्र की आपूर्ति कम से कम समय में सुचारू करने की कोशिशें करते थे। विद्युत लाइन में बड़ी खराबी आने पर अधिकारी प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सूचना देकर स्थिति से अवगत भी कराते थे। अब घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी विद्युत आपूर्ति बाधारहित एवं सुचारू रहने का दावा कर रहे हैं। वर्तमान स्थिति से स्पष्ट है कि वरिष्ठ अधिकारियों को कनिष्ठ अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के बीच अब तक समन्वय स्थापित नहीं हो सका है। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि अधिकारी विद्युत संबंधी समस्या को मैदानी अमले के भरोसे छोड़ दिए हैं तथा आफिस में बैठे-बैठे कार्य संचालन की खानापूर्ति कर रहे हैं।



विद्युत तार पर गिरा पेड़।

### सीएम शहर में, घंटों ठप रही आपूर्ति

रविवार को पीजी कॉलेज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भागीदारी करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार की शाम से ही अम्बिकापुर के प्रवास पर हैं। मुख्यमंत्री के शहर में मौजूद होने के बावजूद शहर में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अपरान्ह 4 बजे तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई तथा बारिश शुरू होने के पूर्व ही शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बताया जा रहा है कि तेज हवा के कारण बनारस मार्ग, एमजी रोड एवं नवापारा में पेड़ गिरने के कारण शहर के बड़े इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। कुछ क्षेत्रों में विद्युत तार टूटने एवं इंसुलेटर ब्रस्ट होने की भी समस्या आई। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शाम 7 बजे नवापारा फीडर की आपूर्ति सुचारू की। अधिकारी कुछ क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू होने में समय लगने की बात कह रहे हैं।

#### अब तक मेंटेनेंस कार्य अपूर्ण

विद्युत आपूर्ति बाधित होने के पीछे अब तक बरसातपूर्व मेंटेनेंस का कार्य पूर्ण नहीं होने को बड़ा कारण माना जा रहाहै। विभाग हर साल बरसात शुरू होने के पूर्व मेंटेनेंस कार्य कराता है जिसके तहत विद्युत लाइन के पास के पेड़ों की डालों की कटाई-छंटाई की जाती है। इस बार सुशासन तिहार के कारण समय पर पेड़ों की कटाई-छंटाई नहीं करा सके। समस्या बढ़ने पर अब बिना सूचना प्रभावित क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित कर पेड़ों की कटाई-छंटाई की जा रही है। शनिवार को शाम विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही वहीं सुबह जोड़ापीपल एवं दोपहर में नेहरू वार्ड की विद्युत आपूर्ति 3 घंटे तक बाधित रही है।

#### सुचारू है आपूर्ति

विद्युत लाइन में कहीं फाल्ट नहीं आया है तथा आपूर्ति सुचारू है। लाइट बंद है तो मैं दिखवाता हूं।

-जेपी राजवाड़े
ईई, शहर विद्युत संभाग

#### पेड़ों की डाल गिरने से समस्या

तेज हवा के दौरान बनारस मार्ग, एमजी रोड एवं नवापारा में विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। सुधार कार्य चल रहा है। कुछ क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू होने में समय लग सकता है।

-अक्षय कुमार यादव
एई, शहर विद्युत संभाग

#### 11 घंटे तक अंधेरे में रहे 15 गांव

रामचंद्रपुर। सनावल-रामचंद्रपुर विद्युत लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र के 15 गांवों में 11 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। शनिवार को दोपहर आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों ने राहत की सांसे ली। हालाकि तकनीकी खराबी दूर होने के बावजूद अभी तक बिलजी की आंख मिचौली खत्म नहीं हुई है। क्षेत्र में वाड्रफनगर से सनावल के रास्ते विद्युत आपूर्ति होती है। शुक्रवार को दोपहर 1 बजे सनावल-रामचंद्रपुर के बीच कई स्थानों पर इंसुलेटर ब्रस्ट होने के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इंसुलेटर बदलने के बाद शनिवार को दोपहर 11 बजे आपूर्ति सुचारू हुई तो लोगों को उमस एवं गर्मी से राहत मिली। आपूर्ति सुचारू होने के बावजूद घंटों तक बिजली का आना-जाना चलता रहा।

# युवती को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गर्भवती हुई तो कराया अबॉर्शन

सरगुजा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने युवती के साथ चार सालों तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवती के गर्भवती होने पर आरोपी की बहन ने अबॉर्शन पिल्स खिला दी और फिर बाद में अस्पताल ले जाकर उसका अबॉर्शन करा दिया लेकिन बाद में युवक शादी से मुकर गया। अब इस मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के नाम पर 2021 में शहर में आई थी। इस दौरान उसकी मुलाकात खैरबार निवासी एजाज अहमद से हुई। बाद में एजाज अहमद ने उसे शादी का झांसा दिया और जुलाई 2022 में छात्रा को नावापारा में रिश्तेदार के घर ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। छात्रा ने पुलिस को बताया कि शादी करने के नाम पर आरोपी ने युवती को लगभग सात महीनों तक लिव इन में साथ रखा और फिर घर में रहने के नाम पर यवती से अलग हो गया लेकिन वह लगातार युवती का दैहिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आना कानी करता रहा। अगस्त 2025 में युवती गर्भवती हो गई तो आरोपी अपनी बहन फरहा सबा के साथ उसके कमरे में पहुंचा और उसे जबरदस्ती अबॉर्शन की दवा खिला दी। युवती ने उसे थूक दिया। फरहा सबा ने कहा कि परिवारवाले दोनों की शादी कर देंगे। उसकी समझाइश पर युवती अबॉर्शन के लिए तैयार हो गई। युवक और उसकी बहन ने सूरजपुर जिला अस्पताल ले जाकर उसका अबॉर्शन कराया लेकिन बाद में आरोपी शादी से मुकर गया जिसके दूसरे धर्म से होने का हवाला देकर शादी से इनकार कर दिया जिसके बाद युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा कल्याण संघ की बैठक में हुए विभिन्न निर्णय

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय बढ़ई मनु लोहार कल्याण महासंघ की बैठक 14 जून को बिलासपुर के विश्वकर्मा सामुदायिक भवन में हुई जिसमें संविधान संशोधन, मुख्यमंत्री से रायपुर में समाज के भवन हेतु भूमि की मांग, विश्वकर्मा पूजा पर 17 सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश स्वीकृत करने की मांग तथा सदस्यता बढ़ाने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अम्बिका प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ.माणिक लाल विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, एसएन वर्मा, पीआर विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## पोखरी खदान में मिले मानव कंकाल की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस, संभाग के थानों को भेजी गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल की बंद पड़ी पांच-छह नंबर पोखरी खदान में सड़ी-गली अवस्था में मिले मानव कंकाल की शिनाख्त के लिए बिश्रामपुर पुलिस ने सरगुजा संभाग के विभिन्न थानों को सूचना भेजी है। पुलिस गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है। गौरतलब है कि डायल-112 की सूचना पर पुलिस ने चार दिन पहले बंद पड़ी खदान में तलाश अभियान शुरू किया था। इसके बाद अंबिकापुर और सूरजपुर की एसडीआरएफ टीम ने तीन दिनों तक अथाह पानी में रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को बाहर निकाला। मौके पर चिकित्सक और एफएसएल टीम ने शव का परीक्षण किया। जांच में शव के मुंह में 28 दांत पाए जाने के आधार पर एफएसएल टीम ने मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच होने का अनुमान लगाया है।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक की कमर में नायलॉन की कपड़ा-नुमा रस्सी से पत्थर बांधा गया था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को पानी में फेंका गया होगा। पुलिस का अनुमान है कि शव को करीब 20 दिन पहले खदान के गहरे पानी में डाला गया होगा। लंबे समय तक पानी में पड़े रहने के कारण शव पूरी तरह सड़-गल चुका था।फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और हत्या सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है।

## जल संरक्षण को लेकर 70 ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

**राजपुर।** जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मोर गांव-मोर पानी महाअभियान का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे के नेतृत्व में विकासखंड की सभी 70 ग्राम पंचायतों में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण संबंधी रैलियां, जनसंवाद, शपथ कार्यक्रम तथा श्रमदान गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल ही जीवन का आधार है और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए अभी से प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा राजपुर जनपद पंचायत को 8 हजार 6 सौ गड्ढों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विकासखंड में एक ही दिन में 6 हजार गड्ढों का निर्माण किया गया। इससे पहले लगभग 1 हजार 700 गड्ढे खोदे जा चुके थे। इस



प्रकार निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इन गड्ढों के माध्यम से वर्षा जल का संचयन कर भूजल स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सीईओ संजय दुबे ने कहा कि मोर गाँव-मोर पानी अभियान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखना है। अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों, रोजगार सहायकों, एनआरएलएम समूह की महिलाओं, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए अभियान को जनांदोलन बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## शिवनंदनपुर नपं उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की हार के बाद अंदरूनी मंथन शुरू, प्रदेश संगठन ने चुनाव प्रभारी से मंगाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की अप्रत्याशित हार के बाद पार्टी में आत्म मंथन शुरू हो गया है। उपाध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी द्वारा गलत तरीके से मतदान कर अपना मत स्वयं निरस्त करा देने के मामले को पार्टी संगठन ने गंभीरता से लिया है। भाजपा के प्रदेश संगठन ने चुनाव प्रभारी एवं बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह से पूरी रिपोर्ट तलब की है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई है।

बता दें कि शुक्रवार को हुए उपाध्यक्ष चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कुल 16 निर्वाचित प्रतिनिधियों ने मतदान किया। कांग्रेस के सभी 8 पार्षदों ने पार्टी प्रत्याशी अंशुल गोयल के पक्ष में मतदान किया, जबकि भाजपा के 7 पार्षद और अध्यक्ष सहित कुल 8 वोट होने से मुकाबला बराबरी का माना जा रहा था। इसी बीच भाजपा के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद प्रशांत अग्रवाल ने अपने मतपत्र पर निर्धारित क्रॉस मार्क का निशान लगाने के बजाय गोल निशान बना दिया। मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी ने नियमों के तहत उक्त मत को निरस्त कर दिया। परिणामस्वरूप कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल गोयल एक वोट से नगर पंचायत उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। नतीजा सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे उतर गए। जब यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा उपाध्यक्ष के प्रत्याशी का ही वोट निरस्त हुआ है, तो नगर पंचायत परिसर में मौजूद कार्यकर्ताओं में निराशा छा गई और वे एक-एक कर वहां से निकलने लगे। वहीं अध्यक्ष पद गंवाने के बाद निराश चल रही कांग्रेस को उपाध्यक्ष पद की जीत से नई ऊर्जा मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया

#### वार्ड नंबर 15 जीतने की जिद्द में भाजपा को अन्य दो वार्ड में कराया गया नुकसान

वार्ड क्रमांक-15 में टिकट वितरण को लेकर पहले से ही भाजपा के भीतर नाराजगी की चर्चा चल रही थी। पार्टी से टिकट की दावेदारी कर रहे सन्नी अग्रवाल को टिकट न देकर भाजपा ने वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल के पुत्र प्रशांत अग्रवाल पर भरोसा जताया। बताया जाता है कि पूर्व गृहमंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने प्रशांत अग्रवाल के लिए संगठन से पैरवी कर पार्षद टिकट दिलवाई थी। दूसरी तरफ कांग्रेस ने मौके की नजाकत देखते हुए सन्नी अग्रवाल को टिकट देकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 15 जीतने की जिद्द में आपसी रणनीति के तहत भाजपा को अन्य दो वार्ड क्रमांक 13 एवं 3 में नुकसान पहुंचाया गया जहां पर कांग्रेस के साथ बराबरी की कड़ी टक्कर चल रही थी, ऐसे में निर्णायक मुकाबले में भाजपा ने वार्ड नंबर 15 तो जीत लिया लेकिन भीतरघात हो जाने की वजह से वार्ड क्रमांक 13 और 3 में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। अब आखिर में भाजपा के कुल 7 पार्षद ही जीत कर निकल पाए जिससे उपाध्यक्ष पद हासिल करने की राह कठिन हो गई,शिवनंदनपुर में भाजपा को अध्यक्ष पद पर सफलता मिली,लेकिन उपाध्यक्ष चुनाव में हुई यह भारी चूक अब पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय बन गया है।भाजपा प्रत्याशी के मत निरस्त होने को लेकर नगर सहित जिले में उक्त घटना लगातार जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

#### भाजपा चुनाव प्रभारी ने जिलाध्यक्ष से ली जानकारी

भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि पार्टी संगठन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह को पूरी जानकारी दी गई है। मामले में प्रदेश संगठन ही अंतिम कार्रवाई करेगा जिसकी सूचना दी जाएगी।

### जयनगर पंचायत भवन के समीप पंप की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत जयनगर भवन परिसर में लगे बोरवेल से समर्सिबल मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जयनगर के वार्ड पंच जाहिद अली ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि पंचायत भवन परिसर में स्थित बोरवेल का पुराना मोटर पंप खराब हो गया था। ग्रामीणों और पंचायत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 18 जून को हर्राटिकरा के मिस्त्री मानसाय से पंचायत का पुराना लेकिन चालू हालत में रखा गया टेक्समो गोल्ड कंपनी का 1 एचपी समर्सिबल मोटर पंप व रोल्ड पाइप सहित बोर में स्थापित कराया गया। मोटर पंप लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद अज्ञात चोरों ने 18 से 19 जून की दरम्यानी रात में अज्ञात चोर बोरवेल से मोटर पंप, पाइप और उससे जुड़े उपकरण निकालकर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 10 हजार रुपए बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



## स्वामी आत्मानंद विद्यालय चेंद्रा में किया गया विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के चेंद्रा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आम सभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस दौरान बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता करते हुए विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। निर्वाचन प्रक्रिया उपरांत सर्वसम्मति से जितेंद्र कुशवाहा को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा रामशरण देवांगन को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जय कुमार गुप्ता सदस्य सचिव होंगे। समिति में अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में शिवशरण राजवाड़े, श्रीमती सुनीता देवांगन, बिंदु प्रसाद कुशवाहा, श्रीमती कविता पैकरा, श्री संतोष पड़वार एवं शिवरतन प्रजापति को सदस्य चुना गया। स्थानीय निकाय प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती प्रमिला पैकरा, शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती पुष्पलता सिंह, श्रीमती सुष्मिता शुभाद, दुर्गेश कुमार एवं श्रीमती आसफा खातून को शामिल किया गया। वहीं शिक्षाविद् प्रतिनिधि के रूप में क्षीर सागर यादव, एएनएम प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती सरोज राजवाड़े तथा पूर्व छात्र एवं सामुदायिक प्रतिनिधि के रूप में अजय एक्का का चयन किया गया। निर्वाचन के पश्चात आयोजित प्रथम बैठक में विद्यालय विकास योजना, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, छात्र सुरक्षा, अभिभावक-शिक्षक सहभागिता तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विद्यालय को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं विकासात्मक संस्थान बनाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। स्कूल के प्राचार्य जय कुमार गुप्ता ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## केसीसी ऋण और धान भुगतान को लेकर किसानों का आंदोलन चौथे दिन भी जारी

# कृषि मंत्री ने किसानों से की चर्चा, समाधान का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

धान खरीदी वर्ष 2025-26 की लंबित भुगतान राशि तथा किसानों के नाम पर दर्ज कथित फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने किसान नेता नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर डटे रहे और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते रहे।

किसानों का आरोप है कि जिले के अनेक किसानों के नाम पर उनकी जानकारी के बिना केसीसी



ऋण दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण धान बिक्री की राशि रोक दी गई है। इसके चलते किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने फर्जी ऋण प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा धान खरीदी की लंबित राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की है। आंदोलन के चौथे दिन किसानों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। पांच किसान भूख हड़ताल पर बैठे और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरना स्थल पर किसानों की लगातार बढ़ती संख्या से आंदोलन को व्यापक समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। धरना स्थल पर किसान नेता कमाल अहमद, संतोष यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विकास दुबे तथा डॉ. दिनेश यादव पहुंचकर किसानों का समर्थन किया। इस दौरान किसान नेता कमाल अहमद ने कहा कि किसान लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पहल कर किसानों को राहत देने की मांग की। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे भी धरना स्थल पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मृतक व्यक्तियों के नाम पर ऋण स्वीकृत होना तथा जेल में बंद किसानों के खातों से ऋण आहरित दिखाया जाना गंभीर अनियमितता का संकेत है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। आंदोलन के बीच प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मोबाइल फोन के माध्यम से किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का धान भुगतान रुका हुआ है और जिन्हें खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं विभागीय उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश के पांच जिलों में इस प्रकार की गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं और यह करोड़ों रुपये का मामला हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच किसानों के नाम पर फर्जी ऋण निकालकर उनके खातों में लोन दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए सीबीआई एवं ईडी को भी पत्र भेजा गया है। किसान नेता नरेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



# धनुष की फिल्म 'ओम' से उठा पर्दा, अक्टूबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** धनुष की जिस तमिल फिल्म 'ओम' का लंबे समय से इंतजार हो रहा था, उसकी रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। राजकुमार पेरियासामी इसे निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का लगभग 60 से 65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसकी कहानी को कई अध्यायों में परत-दर-परत बताया जाएगा। 'ओम' नाम सिर्फ सुनने में ही अच्छा नहीं है, बल्कि यह कहानी से गहराई से जुड़ा है। यह फिल्म असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरणा लेती है। मलयालम के मशहूर अभिनेता मामूटी फिल्म में कार्तिकयन का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह किरदार भी असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित है।

लाइफ Style

# कियारा

## प्रेग्नेंसी में 'देवी' और बाद में मोटी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों फिल्म 'टॉक्सिक' से चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने मदरहुड के लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं को कई भावनात्मक और शारीरिक बदलावों से गुजरना पड़ता है।

कियारा ने प्रेग्नेंसी के बाद आने वाली चुनौतियों, समाज की अपेक्षाओं और जीवन के प्रति बदले नजरिए पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मातृत्व ने उनकी सोच और जीवन को नए तरीके से देखने का नजरिया दिया है।

बता दें कि कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई, 2025 को अपनी बेटी साराया का स्वागत किया था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप गर्भवती होती हैं, तो हर कोई कहता है, 'हे भगवान, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं, ये सब।' और जैसे ही बच्चा पैदा होता है, यह बदल जाता है, 'अभी मोटी लग रही हैं, थोड़ी ये लग रही हैं, थोड़ी वो लग रही हैं।

**देवी की तरह समझते हैं :** अभिनेत्री ने बताया, 'प्रेग्नेंसी के दौरान, आपको देवी की तरह समझा जाता है और बच्चे के जन्म के तुरंत बाद आपसे उम्मीद की जाती है कि आप पहले जैसी चुस्त-दुरुस्त और अपने जीवन में वापस लौट आएं लेकिन महिला के लिए सबसे मुश्किल समय प्रसव के बाद का होता है। यही वह समय है जब उसे सहारे की जरूरत होती है।



## हॉलीवुड मसाला

# एनोला होम्स... ओटीटी पर 1 जुलाई को



**लॉस एंजिल्स।** 'एनोला होम्स' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रही है। यह सीरीज 1 जुलाई, 2026 से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मिली बॉबी ब्राउन एक बार फिर चालाक युवा जासूस की भूमिका में दिखेंगी, जो और भी बड़े रहस्यों को सुलझाती और रोमांचक कारनामों में उलझती नजर आएंगी। इस बार कहानी में मोड़ तब आता है, जब एनोला लॉर्ड ट्यूक्सबरी (लुई पार्ट्रिज) के साथ अपनी शादी की तैयारी कर रही होती है। तभी उसके भाई शरलॉक (हेनरी कैविल) का अपहरण हो जाता है। शरलॉक को बचाने की अपनी कोशिशों में एनोला को एक बड़े राष्ट्रीय षड्यंत्र का पता चलता है।



# जेसन मोमोआ ने की विद्युत जामवाल की जमकर तारीफ

**लॉस एंजिल्स।** जेसन मोमोआ ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' के सह-कलाकार विद्युत जामवाल की खूब तारीफ की है। जेसन ने विद्युत को सबसे खूबसूरत दिखने वाले पुरुषों में से एक बताया है। खास बात यह है कि यह फिल्म विद्युत के हॉलीवुड करियर की शुरुआत है। जेसन ने सिर्फ उनकी खूबसूरती ही नहीं सराही, बल्कि उनके मार्शल आर्ट्स के हुनर को भी 'अविश्वसनीय' बताया है। इससे पता चलता है कि सेट पर दोनों कलाकारों के बीच काफी सम्मान है। किताओ सकुराई के निर्देशन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत के साथ नोआ सेंटिनियो, एंड्रयू कोजी और रोमन रेंस भी दिखेंगे। यह फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। एक दिलचस्प बात यह है कि इस साल की शुरुआत में लास वेगास में हुए। सिनेमाकॉन में, विद्युत ने अपने सह-कलाकारों के साथ मिलकर ट्रेलर लॉन्च के दौरान गायत्री मंत्र का जाप किया था।



# दायरा में पुलिस बनेंगे पृथ्वीराज- करीना

**मुंबई।** मेघन गुलज़ार ने अपने निर्देशन में बन रही फिल्म 'दायरा' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस रोमांचक थ्रिलर की कहानी मेघना, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। निर्माताओं ने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। साथ में इसकी रिलीज तारीख का खुलासा भी कर दिया है। यह 18 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। बीटीएस वीडियो के साथ आई रिलीज तारीख जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'दायरा' में, करीना और पृथ्वीराज पहली बार पुलिस अधिकारी के किरदारों में नज़र आएंगे।




# फिल्म बांदर ने जीता ऑस्ट्रेलिया का दिल

**मुंबई।** बॉबी देओल की थ्रिलर फिल्म 'बांदर', जो 5 जून को रिलीज हुई और फिलहाल सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, इस साल मेलबर्न में नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का समापन करेगी। अनुराग कश्यप निर्देशित इस फिल्म को रिलीज के बाद से ही इसकी अनूठी कहानी और दमदार अभिनय के लिए खूब सराहा जा रहा है। यही वजह है कि नीफा के ऑस्ट्रेलिया भर के बड़े दौरे के लिए इसे समापन फिल्म के तौर पर चुना गया है। इस साल यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया के 9 शहरों में आयोजित किया गया, जहां नई और चर्चित फिल्मों के साथ-साथ 'मंथन' जैसी क्लासिक फिल्मों को भी 4के क्वालिटी में पेश किया गया। बॉबी के अलावा, 'बांदर' में सान्या मल्होत्रा और राज बी शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## टीवी मसाला



# शिल्पा शिंदे का 'टीवी माफिया' पर फूटा गुस्सा- रास्ते पर सब्जी बेच लूंगी

**मुंबई।** 'भाभी जी घर पर हैं' के निर्माता पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में चल रहीं शिल्पा शिंदे ने अब अभिनेता शहजादा धामी के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। शहजादा के करीब 30 लाख रुपये के बकाया भुगतान न मिलने और शिकायत के बावजूद संबंधित निर्माता पर कोई कार्रवाई न होने की खबरों पर शिल्पा का गुस्सा फूटा है। टीवी 'माफिया' को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने इस पूरे सिस्टम पर गहरा आक्रोश जताया है।

***ये टीवी निर्माता माफियागिरी करते हैं :*** इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में शिल्पा ने कहा, टीवी जगत के निर्माता माफियागिरी करते हैं। टीवी इंडस्ट्री में एक 'व्हाइट कॉलर माफिया' काम कर रहा है। जो निर्माता इस सिस्टम का साथ नहीं देते या सहयोग नहीं करते, उन्हें भी धमकाया जाता है। उन्हें कथित तौर पर ये कहकर डराया जाता है कि अगर भविष्य में उनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो कोई उनका साथ नहीं देगा और उनका काम या शो बंद करवा दिया जाएगा।

***ढोंग करने वालों पर भड़कीं शिल्पा :*** शिल्पा ने उन लोगों पर भी तीखा तंज कसा जो कलाकारों के जिंदा रहते तो उनका साथ नहीं देते, लेकिन उनके निधन के बाद शोक मनाने आ जाते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, कलाकारों का साथ कौन देगा? आप किसी के मरने के बाद इंस्टाग्राम पर आकर रो रहे हो। आप लोग वही हो जो मोमबत्ती लेकर मरने के बाद आ जाते हो और बेमतलब की फुटेज खाते हो।

## रैपर सेंटी 'बिग बॉस 20' में ले सकते हैं हिस्सा

**मुंबई।** सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर चर्चा में है।



पिछले दिनों कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि इसका 20वां सीजन सितंबर, 2026 से दर्शकों के बीच लौट सकता है। इसके बाद से संभावित प्रतियोगियों के नामों पर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं कि घर में कौन-कौन आएगा। सबसे ज्यादा जिस नाम की चर्चा है, वो रैपर सेंटी शर्मा हैं। आइए जानते हैं कि वह कौन हैं, जो सलमान के शो में आ सकते हैं। सेंटी का असली नाम गणेश शर्मा है और वह मध्य प्रदेश के शहर रतलाम के रहने वाले हैं। पेशे से रैपर, गीतकार और गायक हैं, जिन्हें संगीत जगत में उभरने वाले शुरुआती हिप-हॉप कलाकारों में से एक माना जाता है। अपने गानों से उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस की बड़ी तादात बना रखी है। अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' के एंथम ट्रैक में रैपर ने अपनी आवाज देकर बॉलीवुड में डेब्यू किया और व्यापक लोकप्रियता हासिल की।

# कौन हैं संस्कृति जयना... जिन्होंने 'कृष्णावतरम' में निभाई सत्यभामा की भूमिका

**मुंबई।** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट' में संस्कृति जयना ने भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा की भूमिका अदा की है। इस फिल्म के बाद से वह चर्चा में आ गई हैं। हर कोई उनके बारे में जानना चाह रहा है। आपको बता दें कि उनका गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री से खास नाता है।

***संस्कृति की पारिवारिक पृष्ठभूमि :*** संस्कृति जयना गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पोती और बिजनेसमैन अनार पटेल की बेटी हैं, जो क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के साथ अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता, जयेश पटेल, एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

***फैशन करियर में बनाई पहचान :*** फिल्म जगत में डेब्यू करने से पहले, संस्कृति ने फैशन मैनेजमेंट और व्यवसाय का

## गुजरात के पूर्व सीएम से है खास नाता



अध्ययन किया और लंदन के राडा, ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म स्कूल, न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी और लंदन कॉलेज ऑफ फैशन में अभिनय और नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने 16 साल की उम्र में अपना खुद का फैशन ब्रांड शुरू किया। बाद में उन्होंने कंसल्टिंग के क्षेत्र में कदम रखा और जिमी चू और बोटेगा वेनेटा जैसे ब्रांडों के साथ काम किया, साथ ही अपनी मां के सामाजिक उद्यमों, क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के लिए मार्केटिंग का काम भी संभाला।

## सत्यभामा की भूमिका से जीता दिल

कृष्णावतारम भाग 1: हार्ट फिल्म में श्रीकृष्ण की कहानी सत्यभामा के दृष्टिकोण से बताई गई है, जिससे संस्कृति को सहायक भूमिका के बजाय फिल्म के केंद्र में रखा गया है. फिल्म में उनके चरित्र को बहुत ही बखूबी ढंग से दर्शाया गया है। बता दें कि रिलीज से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्यभामा के रूप में उनके अभिनय की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा की भावना का अच्छी तरह प्रतिनिधित्व किया है।

# 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की 10 दिन और शूट करेंगे सिद्धार्थ- तमन्ना

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की शूटिंग अब 10 दिन और चलेगी। टीम ने जब फिल्म का अंतिम कट देखा, तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ खास पलों, खासकर क्लाइमैक्स में और अधिक जान डालने की जरूरत है।



उनका मानना है कि ऐसा करने से फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ पाएगी। अच्छी बात यह है कि फिल्म अपनी तय रिलीज 28 अगस्त को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

***निर्देशक 'वन' की दुनिया को दे रहे हैं नया विस्तार :*** दीपक कुमार मिश्रा और अरुणभ कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन' पौराणिक कथाओं, रहस्य और जंगल से जुड़ी लोककथाओं का मिश्रण है, जिसे एक थ्रिलर के रूप में पेश किया गया है। फिल्म निर्माता एक ऐसी समृद्ध दुनिया तैयार करना चाहते हैं, जिसमें माहौल से जुड़े बारीक विवरण हों और स्थानीय कहानियों की परंपरा भी झलकती हो। शूटिंग का समय बढ़ाने का यह फैसला दर्शाता है कि वे चाहते हैं कि फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़े।

# ओटीटी पर एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज, 'दृश्यम 3' से लेकर 'सेव द टाइगर्स 3' तक रिलीज हो रही ये फिल्में...

*मुंबई। अगर आप इस हफ्ते अपने वीकेंड को मजेदार बनाना चाहते है तो बता दें कि इस बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आपको एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज देखने को मिलने वाला है क्योंकि सस्पेंस, एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं। कौन-कौन सी है वो फिल्में और वेब सीरीज चलिए है।*



## 'दृश्यम 3'

इस हफ्ते सबसे ज्यादा चर्चा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल मच वाइटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर है। यह फिल्म 18 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है। निर्देशक जीतू जोसेफ की इस थ्रिलर में जॉर्जकुट्टी की कहानी को आगे बढ़ाया गया है, जो अपने अतीत के फैसलों और उनके मानसिक प्रभावों से जूझता नजर आता है। फिल्म में मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल और आशा शरथ भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं।

## 'अथिराडी'

वहीं मलयालम सिनेमा के फैंस के लिए फिल्म 'अथिराडी' ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने वाली है, जो 19 जून से सोनी लिव पर उपलब्ध हो गई है। यह एक्शन-कॉमेडी ड्रामा कॉलेज लाइफ और यंग जनरेशन के बीच जोश की कहानी को दर्शाती है। बता दें, फिल्म में बेसिल जोसेफ, रिया शिबू और टोविनो थॉमस मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## 'द एजेंसी' सीजन 2'

*इसके साथ ही जासूसी और थ्रिलर कंटेंट पसंद करने वालों के लिए 'द एजेंसी' का दूसरा सीजन भी तैयार है। माइकल फासबेंडर और जेफरी राइट जैसे सितारों से सजी यह सीरीज 21 जून से पैरामाउंट+ पर स्ट्रीम होगी। खास बात है कि इसके पहले सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया था।*

## 'सेव द टाइगर्स'

*तेलुगु कॉमेडी-ड्रामा 'सेव द टाइगर्स' का तीसरा सीजन भी 19 जून से जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। पारिवारिक रिश्तों और हास्य से भरपूर यह शो पहले दो सीजन की सफलता के बाद वापसी कर रहा है.*

## 'शुगर' सीजन 2

*इसके अलावा रहस्य और सस्पेंस से भरपूर 'शुगर' का भी दूसरा सीजन 19 जून को एप्पल टीवी+ पर रिलीज चुका है। प्राइवेट जासूस जॉन शुगर की कहानी को आगे बढ़ाने वाली इस सीरीज में कॉलिन फैरेल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कुल मिलाकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर जेनर के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास होने वाला है।*

# समय रैना का धमाका

## नेटफ्लिक्स पर हुई 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' की एंट्री; प्रोमो वायरल

मुंबई। कॉमेडियन समय रैना के रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। यूट्यूब के बाद अब ये शो अपने सीजन 2 के साथ सीधे दुनिया के सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरे सीजन का पहला प्रोमो रिलीज हो गया है। समय के इस शो ने इंटरनेट पर जबरदस्त सनसनी मचाई थी और अब नेटफ्लिक्स पर इसकी एंट्री के ऐलान ने फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है।



***नहीं बदलेगा शो का अंदाज :*** कॉमेडियन समय रैना ने घोषणा की है कि उनका शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स और यूट्यूब, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ रिलीज होगा। उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि शो का कंटेंट पहले की तरह बिना किसी कांट-छांट के बेबाक रहेगा। समय ने शो के प्रोमो में बताया कि नेटफ्लिक्स पर सिर्फ 2 फर्क दिखेंगे। पहला वहां विज्ञापन नहीं होंगे और दूसरा उधर कमेंट सेक्शन मिलेगा, जबकि यूट्यूब पर दर्शकों को पूरा अनुभव पहले की तरह मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### सखी वन स्टॉप सेंटर के लिए सूची जारी

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, घरघोड़ा के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जारी विज्ञापन के क्रम में निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत तैयार की गई पात्र अपात्र सूची जारी की गई है।

### रोजगार मेला 25 जून को, 684 पदों पर भर्ती

**रायगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 जून को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र परिसर में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। मे.श्रमिन वेल्ट प्रालि द्वारा इलेक्ट्रिकल मीटर टेक्नीशियन के 500 पद मे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा लाइफ मित्र, सेल्स ऑफिसर एवं डेवलपमेंट ऑफिसर के कुल 180 पद तथा मे. सॉफ्टबीट कम्प्यूटर रायगढ़ द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के 4 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### कुष्ठ रोग जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**रायगढ़।** जिले में कुष्ठ रोग सर्वे एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कुष्ठ रोग जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान 15 जुलाई तक संचालित होगा। जागरूकता रथ जिले के शहरी क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों और स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देगा। रथ के माध्यम से बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी, ताकि लोग समय पर जांच और उपचार करा सकें।

### पीएम आवास की प्रतीक्षा सूची का होगा सत्यापन

**रायगढ़।** ग्राम पंचायतों में 24 जून को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण ;आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन एवं अवलोकन कराया जाएगा। ग्राम पंचायतों में सूची का प्रदर्शन कर ग्रामीणों के समक्ष उसका पाठन किया जाएगा तथा ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। अंतिम रूप से अनुमोदित सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जनभागीदारी आधारित बनाना है, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेष ग्राम सभा में किसी भी नए हितग्राही का नाम सूची में नहीं जोड़ा जा सकेगा। ग्राम सभा केवल सिस्टम द्वारा तैयार सूची का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कर सकेगी।

### लोक सेवा केन्द्र अब बनेंगे सेवा सेतु केन्द्र, डिजिटल सेवाएं होंगी उपलब्ध

**रायगढ़।** प्रदेश में डिजिटल सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए राज्य शासन ने लोक सेवा केन्द्रों को नया स्वरूप देने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी लोक सेवा केन्द्र सेवा सेतु केन्द्र के नाम से संचालित होंगे। इन केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को पहले की अपेक्षा अधिक शासकीय सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। शासन का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर सरलए सुगम और पारदर्शी तरीके से विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से पूर्व में

---

गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने दिए निर्देश

# प्रगति नगर मरीन ड्राइव का आयुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज प्रगति नगर मरीन ड्राइव क्षेत्र में निर्माणाधीन अंडरपास ब्रिज एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता के मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने निर्माणाधीन अंडरपास ब्रिज के कार्यों का अवलोकन करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कार्य में गति लाने तथा शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर सड़क मार्ग को आम जनता के लिए बहाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ताए सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक चरण में गुणवत्ता नियंत्रण का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही आयुक्त ने क्षेत्र में संचालित पाइपलाइन विस्तार एवं निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

ब्रिज के ऊपर से क्षेत्र में पानी सप्लाई संबंधित पाइपलाइन का विस्तार एवं व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में पाइप लाइन लीकेज या अन्य तकनीकी कारणों से पानी सुलाई संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पाइपलाइन विस्तार कार्यों को योजनाबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान आम नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने और आवश्यक सुरक्षा एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर विकास से जुड़े सभी अधोसंरचनात्मक कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

---

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू की अध्यक्षता में जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक विगत दिवस सम्पन्न हुई। सीएमएचओ डॉ पुष्पेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दिशा निर्देश पर समस्त विभागों से चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर सभी शासकीय भवनों और कार्यालयों को तंबाकू मुक्त करने, जिले के सभी महाविद्यालयों और स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित करने, तबाकू मुक्त ग्राम पंचायत, प्रवर्तन दल द्वारा नियमित चलानी एक्टिविटी, जिले में तंबाकू उत्पाद, पान मसाले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापनों को हटाने हेतु नगरीय निकाय, समाज कल्याण विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर महिलाओं में तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रसारित करने हेतु विभागों से चर्चा किया गया।



---



# शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शामिल हुए सांसद राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भुईंयापानी में नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना, हवन, यज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने की। उपस्थित सभी अतिथियों ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिले की सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि भुईंयापानी में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे क्षेत्र के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा, भगवान शिव त्याग, तपस्या और कल्याण के प्रतीक हैं। इस मंदिर के निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा से गांव में आध्यात्मिक चेतना का नया संचार होगा। आने वाली पीढ़ियां यहां से संस्कार, धर्म और संस्कृति की प्रेरणा प्राप्त करेंगी। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सद्भाव बढ़ाने का कार्य करते हैं।

---

## शिक्षक संघ ने की बिलाईगढ़ विधायक से मुलाकात, सौंपा मांग पत्र

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 20 जून को बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे से सौजन्य मुलाकात कर अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी विधानसभा सत्र में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा शासन का ध्यान आकर्षित करने का अनुरोध किया। विधायक ने संघ की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

संघ के प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि प्रदेशभर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी पिछले लगभग पांच वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाई है, लेकिन आज भी उन्हें सेवा सुरक्षा, वेतन वृद्धि तथा अन्य सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी नियमित शैक्षणिक कार्यों के साथ साथ विभिन्न प्रशासनिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सेवा लाभ नहीं मिल पा रहे हैंए जिससे कर्मचारियों में भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बनी हुई है। संघ ने मांग की कि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर इन समस्याओं का समाधान किया जाए।



शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सेवा दे रहे शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगें न्यायोचित और विचारणीय हैं। मैं इन मांगों को शिक्षा मंत्री एवं शासन स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करूंगी तथा विधानसभा में भी इस विषय को प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया जाएगा।

**कविता प्राण लहरे, विधायक बिलाईगढ़**

**संघ की प्रमुख मांगें**

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का शिक्षा विभाग में संविलियन वार्षिक वेतन वृद्धि एवं वेतन विसंगति का निराकरण संविदा शिक्षक.कर्मचारियों को 50 लाख का बीमा सुरक्षा कवच, पीएफए सेवा सुरक्षा एवं सेवा अवधि संरक्षण की व्यवस्था, मध्यप्रदेश की तर्ज पर संविदा नीति लागू करना संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रथम मांग के रूप में कलेक्टर अध्यक्षता वाली समिति व्यवस्था को समाप्त कर समस्त स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को शिक्षा विभाग के अधीन लाने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि इससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभागीय संरक्षण मिलेगा तथा सेवा संबंधी मामलों का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा।

---

### आबकारी विभाग ने की 160 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** विभागीय टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 160.580 लीटर विदेशी मदिरा एवं महुआ शराब जब्त की है। सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो ने बताया कि आबकारी वृत्त रायगढ़ दक्षिण की टीम ने 18 जून को नवापारा निवासी नोमेश साहू के कब्जे से 31 पाव गोवा व्हिस्की, कुल 5.580 लीटर विदेशी मदिरा बरामद की। मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एक्यू 7741 को भी जब्त किया गया। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## परिसीमन के बाद पुसौर फिर बन सकता है विधानसभा

**पुसौर।** प्रस्तावित परिसीमन को लेकर चर्चा तेज है। लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी की संभावना के साथ राज्यों में विधानसभा सीटों के पुनर्गठन और संख्या बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

इसी बीच पुसौर क्षेत्र की जनता में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि पुसौर को उसका पुराना विधानसभा का दर्जा वापस मिल सकता है। पुसौर का गौरवशाली इतिहास आजादी के बाद के राजनीतिक इतिहास को टटोलें तो पुसौर विधानसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में था। सबसे खास बात यह है कि पुसौर से विधायक चुनकर सारंगढ़ के राजा नरेश सिंह मुख्यमंत्री बने थे। हालांकि राजनीतिक कारणों से वे केवल 13 दिन ही मुख्यमंत्री पद पर रह सके और उन्हें पद से हटना पड़ा, लेकिन पुसौर का नाम इतिहास में दर्ज हो गया कि यहां के विधायक ने प्रदेश का नेतृत्व किया था। वर्तमान रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या प्रदेश के औसत विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में लगभग डेढ़ गुनी हो चुकी है। परिसीमन के नियमों के मुताबिक एक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या का संतुलन जरूरी होता है। इसी आधार पर राजनीतिक हलकों और जनता के बीच कयास लगाए जा रहे हैं कि रायगढ़ जिले में रायगढ़ शहर और रायगढ़ ग्रामीण के रूप में दो सीटें बन सकती हैं।पुसौर बनाम रायगढ़ ग्रामीण पर बहस पर यहां पेंच यह फंस रहा है कि लोग रायगढ़ ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नाम पर असहमति जता रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब पुसौर पहले से विधानसभा क्षेत्र रह चुका है और उसका ऐतिहासिक महत्व है तो नई सीट का नाम पुसौर विधानसभा ही होना चाहिए। लोगों को सारंगढ़ राजा नरेश सिंह के मुख्यमंत्री बनने का इतिहास याद है और वे उसी गौरव को फिर से जीना चाहते हैं।

---

### शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 पाव शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब जुआ सट्टा एवं नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 19 जून को सूचना मिली कि एक युवक मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सोनू उरांव 20, निवासी कलमा को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब एवं 10 पाव अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब बरामद हुई।



### तहसीलदार ने लंबित प्रकरणों का किया निराकरण

**कटेली।** तहसीलदार सारंगढ़ एनके सिन्हा द्वारा बारिश आने से पहले सभी सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करने के लिए विशेष अभियान सीमांकन पखवाड़ा के तहत सभी लंबित सीमांकन का निराकरण करने से किसानों में खुशी है। बारिश लगने के बाद सीमांकन नहीं किया जा सकता है जिससे किसान चिंतित थे लेकिन तहसीलदार सिन्हा के विशेष प्रयास से विगत वर्ष के भी कई लंबित प्रकरणों का सीमांकन हो सका है।

---

# चंद्रपुर में पार्षद से सोने की चेन की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर में चोरी और लूट की बढ़ती घटनाओं ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 8 का है, जहां पार्षद श्रीमती अंजू गोपाल अग्रवाल से उनके घर के सामने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए।

- एक दिन पहले ही हुई थी बाइक चोरी, बढ़ी सुरक्षा की चिंता

शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे पार्षद अंजू अग्रवाल अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान हेलमेट पहने दो युवक बाइक से पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके गले से करीब दो तोला सोने की चेन छीनकर तेज रफ्तार से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी मौके से निकल चुके थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है। पार्षद अंजू अग्रवाल ने बताया कि वह घर के सामने खड़ी थीं, तभी बाइक पर सवार दो हेलमेटधारी युवक आए और चेन खींचकर भाग गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान उनकी जान को भी खतरा हो सकता था। गौरतलब है कि इस घटना से महज एक दिन पहले बस स्टैंड थाना क्षेत्र के सामने से एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना भी सामने आई थी। लगातार हो रही चोरी और लूट की वारदातों से नगरवासियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे बाजार, सार्वजनिक स्थानों एवं सुनसान क्षेत्रों में सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। लगातार हो रही घटनाओं के बीच नगरवासी अब पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।



जांच चल रही है, जल्द ही आरोपी पकड़ में आ जाएगाद। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**जितेंद्र कोशले, टीआई चंद्रपुर**




